**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1207**
**दिनांक 09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**फिरोजपुर में पीजीआईएमईआर की स्थापना**

**1207. श्री सुखबीर सिंह बादल:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) पीजीआईएमईआर फिरोजपुर की स्थापना में देरी का कारण क्या है;
(ख) क्या सरकार को फिरोजपुर में इस सैटेलाइट पीजीआई स्वास्थ्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण/स्थापना में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा सहित अब तक सामने आयीं चुनौतियां क्या हैं;
(घ) क्या राज्य सरकार और उसकी संबंधित एजेंसियों के असहयोग के कारण परियोजना में देरी हो रही है; और
(ङ) फिरोजपुर में पीजीआई इकाई की स्थापना के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (ड़): 100 बिस्तरों वाले सैटेलाइट सेंटर, फिरोजपुर की स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा फिरोजपुर में 27.2 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी और 14.01.2020 को पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ को सौंप दी गई थी।

एचआईटीईएस को परियोजना के लिए कार्यकारी एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है। अवधारणा योजना और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के अनुमोदन के बाद, निविदा जारी की गई थी और सैटेलाइट सेंटर के निर्माण के लिए कार्य नवंबर 2023 में सौंपा गया। सामान जुटाना और भूमि का खुदाई कार्य शुरू हो चुका है।

*****